nt>

Title: Need to run Delhi-Porebandar Express train thrice a week.-Laid.

श्री गोरधनभाई जादवभाई जावीया (पोरबन्दर): महोदय, महात्मा गांधी जी का जन्म स्थान पोरबंदर एवं गांधी जी जन्म की १२५ जयंती के उपलक्षय में एवं जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए 'दिल्ली पोरबंदर एक्सप्रैस ट्रेन' शुरु की गई लेकिन यह ट्रेन सिर्फ सप्ताह में एक ही दिन चलाई जाती है।

इस ट्रेन का लाभ सिर्फ पोरबंदर ही नहीं बल्कि पूरा सौराष्ट्र, गुजरात एवं देश के अन्य हिस्सों के लोग भी लेते हैं जो लाखों सहेलगाह गांधी जी के जन्म स्थान पोरबंदर आते हैं, उसके अलावा पोरबंदर एवं आसपास के विस्तार औद्योगिक दृष्टि से विकसित हुआ है जिससे बहुत व्यापारी और औद्योगिक लोग भी लाभ ले रहे हैं और पास में दुनिया के प्रसिद्ध द्वारकाधाम, जहां भगवान श्रीकृष्ण जी ने राज्य किया था एवं औखावेट जहां श्रीकृष्ण भगवान को अपने सखा सुदामा जी ने चावल भेंट किया था। ये सब यात्राधाम एवं प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर की वजह से बहुत ट्रेफिक होने से इस ट्रेन को सप्ताह में कम से कम तीन दिन चलाया जाना चाहिए जो आसानी से चलाया जा सकता है क्योंकि यह ट्रेन चार दिन तक पोरबंदर बेकार खड़ी रहती है।

इस ट्रेन के अलावा ट्रेनों के बहुत मसले हैं जिसमें अहमदाबाद, राजकोट की ट्रेनें पोरबंदर तक बढ़ाना, ट्रेनों का समय कम करना, रिजर्वेशन का कोटा बढ़ाना, मुख्य-मुख्य स्टेशनों पर कम्प्यूटरीकरण, जनता की शिकायतें आदि मसलें भी हैं जिसके लिए एक उच्चस्तरीय रेल कमेटी भेजकर रिपोर्ट देना।

आशा है रेल मंत्री इस पर तुरंत ध्यान देंगे।